हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 53 देहरादून, शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री ने खटीमा में रक्षाबन्धन मनाया, तिरंगा फहराने की अपील

3

# भर्ती घोटाले पर उत्तराखंड पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्यवाही से सफलता

**फ़िरोज़ आलम गांधी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 4 एवं 5 दिसंबर 2021 को स्नातक स्तरीय परीक्षा आयोजित की गई थी उक्त परीक्षा संपन्न होने के पश्चात परिणाम जारी हुआ। बेरोजगार संगठनों एवं कई छात्रों द्वारा मुख्यमंत्री धामी से मिलकर इस परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच हेतु ज्ञापन दिया गया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी मुख्यमंत्री को उक्त प्रकरण में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त हुयी थी। आपको बता दें कि राज्य सरकार का विजन भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड है एवं मुख्यमन्त्री द्वारा पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड को उक्त प्रकरण में तत्काल अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिये गये। जिस पर 22 जुलाई को मु0अ0सं0 289/22 धारा 420 भादवि में दर्ज किया गया एवं विवेचना में धारा 467, 468, 471, 34 भादवि की बढोतरी की गयी। अभियोग की विवेचना पुलिस महानिदेशक द्वारा प्राथमिकता के आधार पर एस0टी0एफ0 को स्थानान्तरित की गयी।आईपीएस अशोक कुमार पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड द्वारा इस मामले में मीडिया को बताया गया उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा स्नातक स्तरीय परीक्षा दिनांक 4 दिसंबर एवं दिनांक 5 दिसंबर 2021 को तीन पालियों में परीक्षा आयोजित की गयी थी जिसमें करीब 160000 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी एवं 916 अभ्यर्थी चयनित हुये थे। विवेचना के दौरान संदिग्ध/चयनित अभ्यर्थियों से पूछताछ की गयी। संदिग्ध/चयनित अभ्यर्थियों से की गयी पूछताछ एवं भौतिक व इलैक्ट्रोनिक साक्ष्यों के आधार पर अब तक कुल 15 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। अभियुक्त अभिषेक वर्मा निवासी सीतापुर (कर्मचारी प्रिन्टिंग प्रेस) के द्वारा प्रिन्टिंग प्रेस से पेपर चुराया गया था एवं परीक्षा से 4-5 दिन पहले दिनांक 29.11.2021 को प्रश्नपत्र के तीनों पालियों के सैट विभिन्न माध्यम से जयजीत दास को भेजे। जयजीत दास (प्रोग्रामर प्रिंटिंग प्रेस) ने यह प्रश्नपत्र मनोज जोशी पीआरडी (पूर्व संविदा कर्मचारी UKSSSC) एवं दीपक चैहान को दिया। मनोज जोशी पीआरडी ने यह प्रश्नपत्र मनोज जोशी कनिष्ठ सहायक, गौरव नेगी एवं अपने साले हिमांशु काण्डपाल को दिया। मनोज जोशी कनिष्ठ सहायक व गौरव नेगी ने यह प्रश्नपत्र रामनगर में एक रिसोर्ट एवं काशीपुर में एक वैंकट हॉल व घर में सॉल्व कराया। मनोज जोशी कनिष्ठ सहायक ने ही कुलवीर एवं शूरवीर चैहान के साथ मिलकर कुछ अन्य अभ्यर्थियों को यह प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया। हिमांशु काण्डपाल ने यह प्रश्नपत्र अपने साथी महेन्द्र चैहान, दीपक शर्मा, अमरीश कुमार के साथ मिलकर कुछ अन्य अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया। मनोज जोशी सितारगंज ने यह प्रश्नपत्र गौरव चैहान अपर निजी सचिव के कुछ अभ्यर्थी तुषार चैहान आदि को उपलब्ध कराया। दीपक चैहान ने यह प्रश्नपत्र अपने साथी भावेश जगूडी के साथ मिलकर कुछ अन्य अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया। अब तक की विवेचना में सभी अभियुक्तगणों की उक्त अपराध में संलिप्तता पायी गयी है एवं उनके विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हो गये है।अब तक की विवेचना में करीब 50 अभ्यर्थी ऐसे पाये गये जो पेपर लीक के माध्यम से चयनित हुये है एवं कई अन्य अभ्यर्थी भी संदिग्ध पाये गये



है जिनका सत्यापन व विवेचना प्रचलित है। उक्त प्रकरण में निष्पक्ष रूप से विवेचना जारी है एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवही की जा रही है। उक्त विवेचना में अब तक 83 लाख रू0 नगद बरामद हुये है साथ ही अन्य अभियुक्तगणों द्वारा प्रयोग किये गये संदिग्ध बैंक खातों को फ्रिज किया गया है एवं मोबाईल, लैपटॉप आदि सीज किये गये है जिनका परीक्षण कराया जा रहा है। अभियुक्तगणों के खाते जिसमें अवैध धनराशि का लेन देन हुआ है साथ करीब 40-50 लाख की सम्पत्ति का भी पता चला है।उपरोक्त प्रकरण में त्वरित व निष्पक्ष कार्यवाही कर पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड द्वारा एस0टी0एफ0 की टीम को स्वतन्त्रता दिवस पर माननीय मुख्यमन्त्री उत्तराखण्ड के विशिष्ट कार्य के लिये पदक की संस्तुति की जा रही है।

## प्रदेश में आज कोरोना से हुई दो मौत, आए 180 नए मामले

देहरादून। बउत्तराखंड में गुरुवार को कोरोना संक्रमण के 180 नए मामले मिले हैं, जबकि 212 मरीज स्वस्थ हुए हैं। वहीं, दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय और एम्स ऋषिकेश में एक-एक कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हुई है। कोरोना संक्रमण दर 10.99 प्रतिशत रही। प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या अभी 1448 है। देहरादून में सबसे अधिक 665, नैनीताल में 255 और हरिद्वार में 146 सक्रिय मामले हैं।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में निजी व सरकारी लैब से 1638 सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इनमें से 1458 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव आई। देहरादून (Dehradun Corona News) में सबसे अधिक 88 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं।

इसके अलावा नैनीताल में 33, हरिद्वार में 19, ऊधमसिंह नगर में 14, अल्मोड़ा में 12, पिथौरागढ़ में चार, बागेश्वर में तीन, चमोली, पौड़ी व टिहरी में दो-दो और उत्तरकाशी में एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिला है। चम्पावत और रुद्रप्रयाग में कोरोना का नया मामला नहीं मिला। इधर, विभिन्न जिलों से 769 सैंपल कोरोना (Corona Sample) जांच को भेजे गए हैं। इस साल



प्रदेश में अब तक कोरोना के 1,00,658 मामले सामने आए हैं। इनमें से 95,324 (94.70 प्रतिशत) लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। कोरोना से इस वर्ष 307 मरीजों की मौत भी हो चुकी है। दून मेडिकल कालेज में 13-14 अगस्त को राष्ट्रीय लेप्रोस्कोपिक सर्जरी कान्फ्रेंस आयोजित होगी। इसमें देशभर से कई नामी सर्जन जुटेंगे। इस दौरान की जाने वाली लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत करेंगे।

## आज से केंद्रों पर मिलेगा कोर्बेवैक्स टीका, दूसरी डोज के कितने माह बाद लगेगा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

कोर्बेवैक्स टीका शुक्रवार से टीकाकरण केंद्रों पर भी उपलब्ध होगा। कोविन एप पर भी निजी व सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर इसकी उपलब्धता दिखने लगेगी। टीका निर्माता बायोलॉजिकल ई लिमिटेड ने बताया कि टीके की 10 करोड़ खुराकों की आपूर्ति केंद्र सरकार को कर दी गई है। कोर्बेवैक्स को भारत के पहले विषम लैंगिक कोरोना बूस्टर शॉट के रूप में 18 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों को लगाने की मंजूरी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एनआईएजीआई की सिफारिश के बाद कोर्बेवैक्स के आपातकालीन उपयोग को भी मंजूरी दे दी है। निजी केंद्रों पर कोर्बेवैक्स की एक खुराक की कीमत 250 रुपये है।

केंद्र सरकार ने कोविड की रोकथाम के लिए बॉयोलॉजिकल ई कंपनी द्वारा तैयार कॉर्बेवैक्स बूस्टर टीके को मंजूरी दे दी है। ये 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को कोरोना से बचाव के लिए लगाए जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जिन भी लोगों को कोरोना वैक्सीन-कोविशील्ड या कोवाक्सिन की दूसरी डोज लगवाए छह महीने या 26 हफ्ते हो गए होंगे, वे लोग बूस्टर के तौर पर कोर्बेवैक्स लगवा सकेंगे।

यह पहला मौका है, जब बूस्टर डोज के रूप में प्राथमिक टीकाकरण में दी गई टीके की खुराक को छोड़कर दूसरे टीके को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह मंजूरी टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (NTAGI) के कोविड-19 वर्किंग ग्रुप द्वारा हाल ही में की गई सिफारिशों के आधार पर दी है। कॉर्बेवैक्स को 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोवेक्सिन या कोविशील्ड टीकों की दूसरी खुराक लगने की तारीख से छह महीने या 26 सप्ताह पूरा होने के बाद एक एहतियाती खुराक के रूप में दिया जा सकेगा।

कॉर्बेवैक्स की खुराक लेने के लिए Co-WIN पोर्टल पर आवश्यक परिवर्तन किए जा रहे हैं। यह देश का पहला स्वदेशी रूप से विकसित आरबीडी प्रोटीन वैक्सीन है।अभी कॉर्बेवैक्स कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 12 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को टीका लगाने के लिए उपयोग किया जा रहा है।

# बाल निकेतन के बच्चों की बुआ बनी मंत्री रेखा आर्या का रक्षा बंधन बना खास

आशीष तिवारी की रिपोर्ट
न्यूज वायरस नेटवर्क



रक्षाबंधन के दिन उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने केदारपुरम स्थित बाल निकेतन पहुंचकर अनाथ बच्चो को रक्षा सूत्र बांधकर व बंधवाकर अपना स्नेह व आशीर्वाद दिया । साथ ही सभी के दीर्घायु एवं सुख समृद्धि की  कामना की। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह त्यौहार स्नेह, प्रेम व समर्पण भाव का है सभी भाई बहनों के बीच सदा इसी प्रकार स्नेह बना रहे। साथ ही कैबिनेट मंत्री ने सभी देश व प्रदेश वासियो को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी और कहा कि रक्षासूत्र बांधने की सदियों पुरानी यह परम्परा भाई और बहन के बीच विशेष लगाव का प्रतीक है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या को अपने बीच पाकर बच्चे बेहद खुश नजर आए।मंत्री रेखा आर्या ने बच्चो को अपना स्नेह व प्यार देते हुए कहा कि उनकी बुआ उनके साथ है ऐसे में उन्हें स्वयं को अनाथ नही समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहनी चाहिए कि समाज मे जरूरतमंद लोगो के बीच जाया जाए जिससे वह स्वयं को कभी अकेला ना समझे ।




कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने साथ ही कहा कि उनके पास महिला एवं बाल विकास जैसा अहम् विभाग है और उनकी हमेशा कोशिश रहती है और आगे भी रहेगी कि सभी लोग स्वस्थ्य रहे,सभी को बेहतर माहौल मिले और यह ऐसे अनाथ बच्चे समाज की मुख्यधारा में आये ताकि इन्हें भी वह सब अधिकार मिले जो बाकी लोगो को मिलता है। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आज का त्यौहार सिर्फ रक्षा सूत्र बांधने तक सीमित नही है बल्कि आज उनकी जिम्मेदारी इन बच्चो के प्रति और अधिक बढ़ गई है। और ऐसे अनाथ बच्चो के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए उनके द्वारा और अधिक से अधिक प्रयास किये जायेंगे !

वही आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम आजादी के 75वें साल में हैं ऐसे में इस अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को पूर्ण करना है। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने बच्चों के साथ तिरंगा लहराया साथ ही सभी से आजादी के अमृत महोत्सव को बढ़ चढ़कर मनाने की अपील करते हुए हर घर तिरंगा लगाने का आह्वाहन किया !





# मुख्यमंत्री ने खटीमा में रक्षाबन्धन मनाया, तिरंगा फहराने की अपील की

## मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास में मातृशक्ति के योगदान को सराहा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में आयोजित रक्षाबन्धन मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आयी महिलाओं ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी तथा तथा उनके दीर्घ जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सभी को रक्षाबन्धन की बधाई देते हुए कहा कि रक्षाबन्धन का इस बार का यह पर्व हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है, आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं, और इन आजादी के 75 साल के कालखण्ड में देश ने जितनी तरक्की की है, हमने एक-एक करके उपलब्धियां हासिल की है, देश आगे बढ़ा है, ज्ञान-विज्ञान आगे बढ़ा है, उन सब को संजोए रखने का भी यह अवसर है।

उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, सम्पूर्ण देश में अमृत महोत्सव के हजारो कार्यक्रम सम्पन्न हो चुके हैं। उन्होंने कहा की यह समय देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले ज्ञात एवं अज्ञात सैनानियों के साहस एवं वीरता से परिचित होने एवं उनको स्मरण करने का भी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त के बाद हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश करेंगे और यह अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत को गढ़ने को नया रूप दिया जायेगा। आजादी के 100 वर्ष होने पर हमारे युवाओं के सबल कन्धों पर देश को दिशा देने का दायित्व होगा। प्रधानमंत्री के सफल नेतृत्व में पिछले आठ वर्षो से हमने भारत को एक नई पहचान दी है, आज हम कई क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं, क्योकि आज भारत के पास ऐसा नेतृत्व है जिसने हमारे अन्दर एक विश्वास तथा आशा की नई किरण पैदा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जिस भारत की कल्पना करते थे हम उसी दिशा में जा रहे हैं, हम अपने पुराने वैभव की ओर लौट रहे हैं। इन आठ सालों में एक समृद्ध, शक्तिशाली तथा समरस भारत के साथ ही दुनिया का नेतृत्व करने वाला भारत बना है। जिस भारत को गढ़ने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा है, अगले 25 सालों में हमारा देश दुनिया का सिरमौर बनेगा, आने वाले समय में हम दुनिया का नेतृत्व करेंगे।




आज कोई ऐसा क्षेत्र नही है जिसमें हमारे देश ने तरक्की न की हो। हमारे इस विकास की नई गाथा में हमारी मातृशक्ति की बड़ी भूमिका है। आज देश के घर-घर में फहराता तिरंगा दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दे रहा है।



# जश्न ए आज़ादी के लिए तैयार हो रहा परेड ग्राउंड , प्रशासन की तैयारी तेज़

**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों जोरो पर, केके मिश्रा ने परेड मैदान का किया निरीक्षण देहरादून, 11 अगस्त । स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन जुट गया है।

प्रदेश का मुख्य कार्यक्रम परेड मैदान में आयोजित होगा। इसे लेकर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) केके मिश्रा ने गुरुवार को परेड मैदान में चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जरुरी दिशा-निर्देश दिए। गुरुवार शाम अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) केके मिश्रा ने आगामी 15 अगस्त पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल परेड मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य मंच के अलावा मैदान में चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी को गरीमामय कार्यक्रम को लेकर समय रहते सभी व्यवस्थाएं को पूरा करने को कहा।इस मौके पर केके मिश्रा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मैदान में आयोजन को लेकर कोई कमी न रह जाए इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस है। इसलिए समय रहते सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा।

# 'हर किसान को सम्मान निधि' से जोड़ेंगे : सतपाल महाराज

## तिरंगा अभियान के अवसर पर प्रदेश के किसानों की करे मदद

**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, जलागम धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों से ₹प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि₹ के पात्र किसानों की ईकेवाईसी कराने उनकी मदद करने का अनुरोध किया है।

पंचायततीराज एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा किसान भाई-बहनों के लिए आर्थिक सहायता सीधे उनके खाते में पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि लागू की गयी। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को प्रत्येक वर्ष रू0 6000/- (प्रति चार माह में रू0 2000) किसान सम्मान निधि/पेंशन के तौर पर दी जाती है। यह योजना उन सभी किसानों के लिए है जिनका नाम खेती वाली जमीन के रिकार्ड में दर्ज है। इसका लाभ उन किसानों को मिलेगा जिनके परिवार का कोई व्यक्ति सरकारी सेवा के उच्च पदों पर ना हो और इनकम टैक्स के दायरे में ना आता हो। ऐसे सभी किसान लाभ प्राप्त करने के लिए स्वयं ऑनलाइन पीएम किसान पोर्टल एवं नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि भारत सरकार ने किसान की सही जानकारी हासिल करने के लिए ईकेवाईसी को अनिवार्य किया है। ईकेवाईसी न होने पर किसान को मिलने वाली पेंशन रूक सकती है। इसलिए मेरा उत्तराखण्ड के समस्त पंचायत जनप्रतिनिधियों से अनुरोध है कि आजादी के अमृत महोत्सव पर 15 अगस्त 2022 तक आप सभी अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों में मा.प्रधानमंत्री जी के ड्रीम प्रोजेक्ट ₹प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि₹ के तहत हर किसान की ईकेवाईसी के लिए जागरूक करने में अपना सहयोग दें। उन्हें बतायें कि हर किसान भाई-बहन डिजिटल इंडिया का लाभ उठाकर अपने नजदीकी सी.एस. सी. सेन्टर या स्वयं पी. एम. किसान पोर्टल पर ईकेवाईसी पर क्लिक करके अथवा तहसीलों में लगाये जा रहे कैम्पों में जाकर ईकेवाईसी करें।



उन्होने प्रदेश के पंचायत प्रतिनिधियों आह्वान करते हुए उनसे अपील की है कि हमारे उत्तराखण्ड का कोई भी किसान, आजादी के अमृत महोत्सव तक, किसान सम्मान निधि की ईकेवाईसी से ना छूटे ऐसा हम सबका प्रयास होना चाहिए। कैबिनेट मंत्री महाराज ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में जितना बलिदान हमारे वीर महानायकों का रहा है उससे कई ज्यादा योगदान हमारे किसानों का भी रहा है। इसलिए आजादी के अमृत महोत्सव पर ₹हर घर तिरंगा अभियान₹ के साथ-साथ हमें ₹हर किसान को सम्मान निधि₹ से जोड़ने का का प्रयास करना है।

# ऋषभ पंत को सीएम धामी ने किया सम्मानित



**आशीष तिवारी की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन में आयोजित कार्यक्रम में क्रिकेटर ऋषभ पंत को उत्तराखण्ड ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ऋषभ को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऋषभ पंत द्वारा जिस तरह से बेहद सामान्य परिस्थितियों में अपने संकल्प एवं दृढ़ इच्छा शक्ति से लक्ष्य को पूरा किया गया, उससे सभी को प्रेरणा मिलेगी । श्री पंत ने दुनिया में एक मुकाम बनाया है। उन्होंने देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि क्रिकेटर ऋषभ पंत को उत्तराखण्ड ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में सम्मानित करने से राज्य में खेल के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा, राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाये इस हेतु प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार भारत हर क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी सभी को प्रेरणा देने का कार्य कर सभी को प्रेरित करेंगे। प्रदेश में खेलों के प्रति अच्छा माहौल बनेगा।

उत्तराखण्ड ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में सम्मानित किये जाने पर क्रिकेटर ऋषभ पंत ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उनको प्रदेश के लिये कुछ करने का मौका दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को बेहतर खेल माहौल प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर विधायक उमेश कुमार और विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार भी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में मानसून से दुश्वारियां बरकरार, अगले तीन दिन फौरी राहत के आसार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम के तल्ख तेवर दुश्वारियां बढ़ा रहे हैं। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और नदी-नालों के उफान से परेशानी बढ़ गई है। प्रदेश में भूस्खलन के कारण 100 से अधिक मार्ग बंद हैं।

उत्तरकाशी जिले के पुरोला में अतिवृष्टि से एक एटीएम समेत आठ दुकानें नदी के उफान में बह गईं। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में भारी वर्षा से फौरी राहत के आसार हैं। इस दौरान कहीं-कहीं गरज के साथ तीव्र बौछारें पड़ सकती हैं।

प्रदेश में मानसून की वर्षा चरम पर है। ज्यादातर हिस्सों में रुक-रुककर भारी वर्षा का क्रम बना हुआ है। इसी कारण आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। पर्वतीय क्षेत्रों में छोटे-बड़े 100 से अधिक मार्ग पर यातायात बंद है। बदरीनाथ और केदारनाथ मार्ग पर भी बार-बार भूस्खलन के कारण यात्रा प्रभावित हो रही है।

उधर, बुधवार की रात उत्तरकाशी जनपद में भारी वर्षा से पुरोला के कुमोला में बरसाती नदी उफान पर आ गई। उफान की चपेट में आने से सड़क किनारे स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एक एटीएम के अलावा ज्वेलरी शाप, भोजनालय, कंप्यूटर सेंटर ध्वस्त हो गए और सामान पानी में बह गया।

एटीएम में 24 लाख रुपये कैश था, जिसे गुरुवार दोपहर बरामद कर लिया गया। भारी वर्षा के कारण पुरोला के ग्रामीण पूरी रात जागते रहे। वहीं पुरोला में निर्माणाधीन पार्किंग की दीवार, जल संस्थान कार्यालय मार्ग, लोनिवि आवासीय भवन पैदल मार्ग भी क्षतिग्रस्त हुआ है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिन आंशिक से लेकर आमतौर पर बादल छाये रह सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं। कुछ पर्वतीय जिलों में गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।



# जश्न ए आज़ादी के लिए तैयार हो रहा परेड ग्राउंड, प्रशासन की तैयारी तेज़

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों जोरो पर, केके मिश्रा ने परेड मैदान का किया निरीक्षण





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 11 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन जुट गया है। प्रदेश का मुख्य कार्यक्रम परेड मैदान में आयोजित होगा। इसे लेकर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) केके मिश्रा ने गुरुवार को परेड मैदान में चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जरुरी दिशा-निर्देश दिए। गुरुवार शाम अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) केके मिश्रा ने आगामी 15 अगस्त पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल परेड मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य मंच के अलावा मैदान में चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी को गरीमामय कार्यक्रम को लेकर समय रहते सभी व्यवस्थाएं को पूरा करने को कहा।इस मौके पर केके मिश्रा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मैदान में आयोजन को लेकर कोई कमी न रह जाए इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस है। इसलिए समय रहते सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय से चारधाम यात्रा मार्ग पर चार्जिंग स्टेशन बनाने का किया अनुरोध



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग मंत्रालय महेंद्र नाथ पांडेय से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने जनपद नैनीताल में स्थित औद्योगिक ईकाई एचएमटी का उत्तराखंड सरकार को हस्तांतरित करने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का अनुरोध किया।

बैठक में तय किया गया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर इलैक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन के लिए उत्तराखंड सरकार केंद्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद नैनीताल स्थित एचएमटी (HMT) औद्योगिक ईकाई लगातार घाटे में चलने के कारण आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने इसे बंद करने के लिए अनुमोदित किया था।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से औद्योगिक ईकाई एचएमटी के हस्तांतरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्र में नए उद्योग स्थापित किये जा सकेंगे और रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे।

मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग पर इलैक्ट्रानिक चार्जिंग स्टेशन बनाने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री से इसका प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। तय हुआ कि उत्तराखंड सरकार जल्द ही इसका प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को प्रेषित करेगी।

केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को केंद्रीय करों में उसकी भागीदारी के अंश के रूप में 1304.46 करोड़ की राशि जारी की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वित्त मंत्री डा प्रेमचंद अग्रवाल ने राज्य को वित्तीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। वित्त मंत्री डा अग्रवाल ने बताया कि 15वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों में उत्तराखंड की तर्कसंगत भागीदारी तय की है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को आय कर हस्तांतरण मद में 1,16,665 करोड़ रुपये की दो किस्त जारी की हैं। इसमें उत्तराखंड को यह राशि प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि राज्य इस धनराशि का समुचित लाभ उठाएगा। पूंजीगत और विकास कार्यों के लिए व्यय प्रबंधन में इससे सहायता मिलेगी।

# विकासनगर में आसमान से बरसी आफत, बारिश से खौफ में ग्रामीण



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून के विकासनगर में ग्राम छरबा की गोरखा बस्ती में शीतला नदी का पानी घुसने से हड़कंप मच गया। अचानक आए पानी से घबराए बस्ती वासियों के शोर मचाने पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। उन्होंने पानी में फंसे ग्रामीणों को निकालने के साथ ही तहसील के अधिकारियों को सूचना दी।

अधिकारियों ने एसडीआरएफ व पुलिस की मदद से बस्ती को खाली कराया। गहरी नींद में सो रहे बस्ती में रहने वाले जब तक कुछ समझ पाते तब तक उनके घरों में पानी भर गया। अचानक आए पानी से घबराए बस्ती निवासियों का शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू करने के साथ तहसील प्रशासन को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी विनोद कुमार एसडीआरएफ की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद पानी में फंसे करीब 20 ग्रामीणों को सकुशल बहाव से निकाल लिया।

शिविर के प्रभारी कैप्टन ताजबर सिंह रावत ने बताया कि भारी बारिश के कारण बरसाती नाले में पानी आने की आशंका को देखते हुए सभी 40 प्रशिक्षणार्थी छात्रों को ऊंचाई वाले स्थान पर पहुंचाने के साथ टेंट से सामान निकालने का कार्य शुरू कराया गया। तेज बहाव के पानी ने तीन टेंट को अपने साथ बहा लिया। उन्होंने बताया कि पानी के साथ टेंट में रखा राशन, स्लीपिंग बैग व कपड़े आदि बह गए। नाले के किनारे पर बने एक कच्चे मकान को भी पानी ने नुकसान पहुंचाया है।

उप प्रधान रोहित चौहान ने बताया कि समस्या के संबंध में ग्राम प्रधान व तहसील प्रशासन से बात करके प्रभावित परिवारों की सहायता की मांग की गई है। विकासनगर के पंजाबी कालोनी, देवदत्त मार्ग, सिनेमा गली, कालेज रोड, सिंगरा कालोनी में जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई।

सड़कों पर पानी भर जाने के कारण नगर वासियों को कुछ घंटो तक के लिए अपने घरों में ही कैद रहना पड़ा। नगर पालिका की अध्यक्ष शांति जुंवाठा ने कहा कि जलभराव की स्थिति को तुरंत काबू में करने के लिए पालिका कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ पानी की निकासी की व्यवस्था में जुटे हैं।

# स्पीकर खंडूड़ी ने पूर्व मुख्यमंत्री निशंक को बांधी राखी





**महविश की रिपोर्ट**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व हरिद्वार से सांसद रमेश पोखरियाल निशंक के देहरादून स्थित आवास पर पहुंचकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने निशंक को राखी पहनाकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की वहीं निशंक ने भी रीति रिवाजों एवं परंपराओं का निर्वहन करते हुए ऋतु खंडूडी को शगुन दिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री के बीच उत्तराखंड के विकास से संबंधित विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा वार्ता भी हुई। इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर पौड़ी के पूर्व विधायक मुकेश कोली ने भी ऋतु खंडूड़ी से हर वर्ष की भांति रक्षा सूत्र बंधाया।

# एमडीडीए के निर्माण कार्यों का मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया उद्घाटन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने गुमानीवाला में एमडीडीए द्वारा निर्मित आंतरिक मार्ग का लोकार्पण किया। इस मौके पर डा. अग्रवाल ने सात अन्य आंतरिक मार्गों के निर्माण के लिए एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही स्थानीय लोगों की मांग पर मुख्य मार्गों में एमडीडीए द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइटों के पोल से अवैध बोर्ड हटाने के लिए भी निर्देशित किया।गुरूवार को गुमानीवाला में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने सुशीला देवी जैन के घर से सुधीर शर्मा एवं रमेश जैन के घर से बृजमोहन के घर तक 11.23 लाख की लागत से बने सीसी मार्ग का लोकार्पण किया। डा. अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश विधानसभा का चहुंमुखी विकास हो रहा है, उनके पहले कार्यकाल से अभी तक ऋषिकेश में बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं का निदान हुआ है।डा. अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य करते हैं। इसी के अनुरूप राज्य सरकार भी कार्य कर रही है। डा. अग्रवाल ने स्वयं को ऋषिकेश विधानसभा की जनता का सारथी बताया। कहा कि एक सारथी की तरह वह भी ऋषिकेश को आदर्श विधानसभा बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं।इस मौके पर डा. अग्रवाल ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को अन्य आंतरिक मार्गों के निर्माण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनता की बदौलत वह चौथी बार विधायक बने और मंत्री पद तक पहुंचे है। जनता की मूलभूत समस्याओं का निदान ही उनकी प्राथमिकता है। डा. अग्रवाल ने ग्रामीणों की मांग पर एमडीडीए द्वारा मुख्य मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटों के पोल से अवैध बोर्ड हटाने के लिए एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित भी किया।इस मौके पर डा. अग्रवाल ने ग्रामीणों को भाई बहन के पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन पर्व की बधाई व शुभकामनाएं भी दीं।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष श्यामपुर गणेश रावत, महामंत्री रवि शर्मा, उपाध्यक्ष राजवीर रावत, मंडल मंत्री गौतम राणा, प्रधान दीपिका व्यास, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ओबीसी मोर्चा सतपाल सैनी, श्रीधर गुप्ता मानवेंद्र कंडारी, पार्षद वीरेंद्र रमोला, एमडीडीए के अधीक्षण अभियंता हरीश चंद सिंह राणा, अधिशासी अभियंता एसएस रावत, सहायक अभियंता पीपी सिंह, लक्ष्मी सेमवाल, कांता चौहान, सुप्रिया शर्मा, प्रभा पैंयूली, अर्चना पैंयूली, सुनिता भट्ट, किरण पैंयूली, शीलू पंत, राजेश शर्मा, जीवन सिंह बिष्ट, पदमराज थापा, सजेंद्र शर्मा, श्रीधर गुप्ता, सुनिता भट्ट आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



# शिंदे कैबिनेट में जगह न मिलने पर छलका पंकजा मुंडे का दर्द,



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

महाराष्ट्र में शिंदे सरकार बनने के 40 दिन बाद मंत्रिमंडल का गठन हो गया। लेकिन हैरानी तो तब हुई जब मंत्रिमंडल में किसी महिला को शामिल नहीं किया गया इसके बाद महाराष्ट्र सरकार काफी आलोचना हुई। वहीं अब भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने अपनी अनदेखी पर खुलकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि शायद वह काबिल नहीं इसलिए उनको मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने मुझे कैबिनेट के काबिल ही नहीं समझा। जब उनका मन करेगा तब देंगे। मुंडे के बयान के बाद उनके समर्थक आक्रामक हो सकते हैं और महाराष्ट्र में सियासत गरमा सकती है। साथ ही कहा कि उनको कैबिनेट में शामिल करने के बारे में और कुछ नहीं कहना है।

शिंदे मंत्रिमंडल में एक भी महिला ना होने पर महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने निराशा जाहिर की थी। वहीं पंकजा मुंडे भाजपा की एक ऐसी नेता थीं जिनकी शिंदे-फडणवीस सरकार के कैबिनेट विस्तार में जगह मिलने की चर्चा थी, हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। मुंडे का बयान आने के बाद उनके समर्थकों की नाराजगी और बढ़ गई है। वहीं सरकार के विस्तार को लेकर पंकजा मुंडे दो दिनों तक खामोश रहीं, लेकिन रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी।

एकनाथ शिंदे कैबिनेट में एक भी महिला न होने को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की नेता सुप्रिया सुले ने मंगलवार को सत्ताधारी पार्टियों पर निशाना साधा। सुले ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी महिला को कैबिनेट में जगह नहीं मिली। देश की पचास फीसदी आबादी महिलाओं की है और एक भी महिला को कैबिनेट में जगह न मिलना हैरान करता है। उन्होंने कहा कि यह फैसला दिखाता है कि वे महिलाओं का सम्मान नहीं करते।

शिंदे मंत्रिमंडल का सीएम पद के लिए एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम पर देवेंद्र फडणवीस की शपथ के 41 वें दिन मंगलवार को विस्तार किया गया था। इसमें शिवसेना के बागी शिंदे गुट और भाजपा के नौ-नौ मंत्री, इस तरह कुल 18 मंत्री बनाए गए हैं।

## संपादकीय

### निर्यात पर जोर

वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 420 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं तथा 254 अरब डॉलर मूल्य की सेवाओं का रिकॉर्ड निर्यात किया था. लगातार बढ़ते निर्यात से यह इंगित होता है कि भारत में उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं के प्रति अंतरराष्ट्रीय बाजार में भरोसा बढ़ रहा है. लेकिन निर्यात के साथ-साथ आयात में बढ़ोतरी चिंता की बात है, जिसके कारण व्यापार घाटा और चालू खाते का घाटा बढ़ता जा रहा है. वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में ही व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है. इस पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्यों से निर्यात बढ़ाने का आह्वान महत्वपूर्ण है. उन्होंने स्थानीय उत्पादों के उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए भी कहा है, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके. उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के प्रारंभिक दौर में ही प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारतीय उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर दिया था. बड़ी आबादी होने के कारण भारतीय बाजार का आकार भी बहुत बड़ा है. अगर हम स्थानीय उत्पादों का उपभोग करें, तो उत्पादन भी बढ़ेगा और रोजगार व आमदनी के अधिक अवसर भी पैदा होंगे. साथ ही, हम कई वस्तुओं के आयात को कम कर व्यापार घाटे को भी कम कर सकते हैं. निर्यात बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक पहलें की गयी हैं, जिनमें दो कार्यक्रम- उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआइ स्कीम) तथा कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए किसान व निर्यातकों के बीच संपर्क अभियान- विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं. पीएलआइ स्कीम के तहत वैश्विक स्तर के गुणवत्तापूर्ण निर्यात के लिए उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है. इसमें उत्पादकों को वित्तीय और तकनीकी सहयोग मुहैया कराया जा रहा है. कृषि उत्पादों के निर्यात में लगातार बढ़त है. इसके लिए केंद्र सरकार राज्य सरकारों के माध्यम से जिला स्तर के अधिकारियों के सहयोग से किसानों से निर्यातकों का संपर्क कराने की प्रक्रिया चला रही है. एक बड़ी समस्या यह है कि राज्यों के अधिकारी तथा उत्पादकों को निर्यात प्रक्रिया के बारे कम जानकारी होती है. ऐसी कमियों को दूर किया जाना चाहिए. निर्यात पर बल देने के प्रधानमंत्री मोदी के आग्रह का महत्व इसलिए भी है कि अगर निर्यात के लायक अच्छी गुणवत्ता के वस्तुओं का उत्पादन बढ़ता है, तो घरेलू उपभोक्ताओं को भी बेहतर चीजें उपलब्ध होंगी. प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी रेखांकित किया है कि अगर उत्पादन और निर्यात में वृद्धि होती है, तो अधिक राजस्व संग्रहण भी हो सकेगा. अगले वर्ष भारत को जी-20 समूह की अध्यक्षता मिलेगी. उन्होंने राज्यों को इस मौके का अधिकाधिक लाभ उठाने की सलाह भी दी. इस समूह के देश दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और उनके साथ गहरे व्यापारिक संबंध राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ राज्यों के लिए भी लाभकारी होंगे. आशा है कि राज्य सरकारें प्रधानमंत्री मोदी की सलाह पर अमल कर निर्यात बढ़ाने को प्राथमिकता देंगी.

# रक्षाबंधन पर मुफ्त सफर : उत्तराखंड रोडवेज की बसों में उमड़ी भीड़, सीट के लिए मची मारामारी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के मौके पर बहनों को अपने भाइयों तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए परिवहन निगम ने पूरी तैयारियां की हुई थीं। रक्षाबंधन पर परिवहन निगम ने बहनों के लिए मुफ्त सफर की व्यवस्था की थी, जिसका दून समेत आसपास की बहनों ने खूब लाभ उठाया और अपने भाइयों के पास पहुंच उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान आईएसबीटी समेत हिल डिपो में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बसें भी चलाई गईं। लेकिन फिर भी बसों में काफी भीड़ नजर आई।

रक्षाबंधन पर बसों के संचालन में किसी तरह की परेशानी न आए इसके लिए परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर मंडलीय प्रबंधक संजय गुप्ता की अगुवाई में कई अधिकारियों ने सुबह से ही आईएसबीटी पर मोर्चा संभाल लिया था।

सुबह के समय अचानक महिलाओं की भीड़ बढ़ जाने के कारण तुरंत हरिद्वार, ऋषिकेश और रुड़की के साथ ही नई दिल्ली के लिए अतिरिक्त बसें लगाई गईं। हालांकि, दोपहर बाद स्थिति काफी हद तक सामान्य हो गई और बसों का संचालन पूर्व की भांति यथावत किया गया।

निगम के मंडलीय प्रबंधक संजय गुप्ता के मुताबिक सुबह के समय हरिद्वार, रुड़की, ऋषिकेश, विकासनगर को जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक थी। बताया कि यात्रियों के लिए गाड़ियों की दिक्कत ना हो इसके लिए एक दिन पहले ही अतिरिक्त बसों के साथ ही चालकों-परिचालकों की व्यवस्था कर ली गई थी।

बता दें कि रक्षाबंधन के मौके पर सरकार और परिवहन निगम की ओर से पूरे राज्य में संचालित परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा मुहैया कराई गई। हालांकि, परिवहन निगम की ओर से महिलाओं को यह सुविधा सिर्फ एक दिन के लिए ही मुहैया कराई गई। ऐसे में रक्षाबंधन पर नई दिल्ली समेत दूर-दराज के शहरों में जाने वाली महिलाओं को वापसी में अपने टिकट पर यात्रा करनी पड़ेगी।

वहीं, हरिद्वार में भी बसों में यात्रा करने के लिए खूब मारामारी रही। बसों में चढ़ने के लिए महिलाएं जद्दोजहद करती नजर आईं। रोडवेज बस स्टैंड पर भारी भीड़ रही। बसों के लिए मारामारी होने से यात्रियों को घंटों स्टेशन पर भटकना पड़ा। रेलवे स्टेशन पर यात्री ट्रेनों के इंतजार में दिखे।

भीड़ के कारण ट्रेनों में खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी। एआरएम प्रतीक जैन ने बताया कि रक्षाबंधन पर दिल्ली, यूपी और कुमाऊं के रूटों पर अधिक दबाव रहा। यहां पर अतिरिक्त बसों को उतारने के अलावा बसों के फेरे बढ़ाए गए। बुधवार को दोपहर से भीड़ बढ़नी शुरू हुई और बृहस्पतिवार रात तक सिलसिला चलता रहा।

# भारी बारिश का कहर, बोल्डर और मलबे से पटी सड़कें, कई जगह रास्ते रहे बंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पहाड़ों की रानी मसूरी में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सड़कों पर पहाड़ से बोल्डर गिरने और मलबा आने से कई सड़कें बंद रहीं, जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं, कई जगह बिजली के खंभे टूटने से बिजली आपूर्ति भी ठप रही।

बुधवार देर शाम से मसूरी में भारी बारिश शुरू हो गई थी, जो बृहस्पतिवार को सुबह तक जारी रही। बारिश से हाथी पांव-धुमनगंज मार्ग पर पहाड़ से बोल्डर और मलबा आने से सड़क बंद रही। बोल्डर से पालिका का कुड़ाघर भी क्षतिग्रस्त हो गया।

मसूरी-देहरादून मार्ग में कई जगह मलबा, बोल्डर आने से आवाजाही बाधित रही। गलोगी में भी बोल्डर और मलबा आने से यातायात प्रभावित रहा। वहीं, मसूरी के पास टिहरी बाईपास रोड पर गुरुरामराय स्कूल के पास मलबा आने से मार्ग एक घंटे तक बंद रहा।

इसके अलावा सिविल रोड भी आधे घंटे तक बंद रहा। बीरा गांव का मुख्य मार्ग की 40 मीटर पूरी तरह से तबाह हो गया और आवाजाही रही। बीरा गांव निवासी और पूर्व सभासद वीरेंद्र सिंह पंवार (काकू ) ने बताया कि गांव के मार्ग में होटल का पूरा



पानी सड़क में छोड़ने से मार्ग तबाह हो गया।

पीडब्ल्यूडी के अपर सहायक अभियंता पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मसूरी-देहरादून मार्ग पर पेड़ गिरने और गलोगी के पास पहाड़ से बोल्डर आने से आधे घंटे तक मार्ग बंद रह। बताया कि एलकेडी मार्ग में पहाड़े से बडे. बोल्डर और मलबा आने से सड़क आधे घंटे तक बंद रही।

जेसीबी से मलबा, बोल्डर हटा मार्ग साफ किया गया। उधर, बारिश का असर शहर की बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। कई क्षेत्रों में भूस्खलन से बिजली के खंभे टूट गए, जिससे बिजली व्यवस्था बाधित रही।

एलबीएस अकादमी परिसर में पेड़ गिरने से बिजली की लाइन टूट गई। जिंसी गांव के पास भूस्खलन से तीन बिजली के खंभे टूटने से आपूर्ति ठप हो गई। आपूर्ति सुचारु करने में दो दिन का समय लगेगा। टिहरी बाईपास रोड पर भूस्खलन से बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे आपूर्ति चार घंटे तक बंद रही। बहुत जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारु हो जाएगी।

# क्रिकेटर स्नेह राणा का देहरादून पहुंचने पर भव्य स्वागत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कॉमनवेल्थ में रजत पदक जीतने के बाद महिला क्रिकेट टीम की सदस्य स्नेह राणा के दून पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्नेह ने कहा कि रजत पदक हमारे लिए स्वर्ण से भी बढ़कर है। हालांकि, स्वर्ण पदक न मिलने पर उन्हें मलाल भी है।

स्वागत के लिए गांधी पार्क में समारोह का आयोजन किया गया। जहां उनके परिजन और चाहने वाले पहुंचे थे। स्नेह मूल रूप से मालसी स्थित सिनोला गांव की रहने वाली हैं। नेशनल स्तर पर उनके अच्छे प्रदर्शन के बाद वह कॉमनवेल्थ में हिस्सा लेने का मौका मिला। उन्होंने देश को पदक दिलाने के साथ ही राज्य का नाम भी रोशन किया। कहा कि पहली बार महिला क्रिकेट को कामनवेल्थ गेम्स में शामिल किया और टीम फाइनल में पहुंची, जो गर्व की बात है। मलाल इस बात का भी है कि हम स्वर्ण नहीं जीत सके। खेल में हार जीत लगी रहती है। हमने अपने खेल से सीखा और आगे बेहतर करने की प्रेरणा ली, जिससे हम अपने देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे।

उधर, उनके परिजनों ने कहा कि स्नेह ने देश के साथ प्रदेश का भी सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। स्नेह ने पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए दो अहम विकेट झटके थे, जबकि सेमीफाइनल में भी इंग्लैंड और फिर फाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी स्नेह ने शानदार गेंदबाजी कर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। भाजयुमो अध्यक्ष अंशुल चावला ने स्नेह राणा और उनके कोच नरेंद्र शाह का सम्मान किया। इस मौके पर शुभम जैन, संदीप बिजल्वाण, अक्षत जैन, साक्षी शंकर, किरण सिंह, ऋषभ पाल, सत्यम शर्मा, दीपक सोनकर, हर्ष गहलोत, मनमोहन शर्मा, मोहन खत्री आदि मौजूद रहे।

# अतिवृष्टि से तीन आवासीय मकान क्षतिग्रस्त, 10 घरों में घुसा मलबा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गैरसैंण में अतिवृष्टि से मलबा घरों में घुसने के कारण आगरचट्टी बस्ती में तीन आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गए जबकि 10 मकानों के घरों का हजारों का सामान खराब हो गया। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और प्रभावितों को मदद के लिए धनराशि का चेक दिया।



गैरसैंण के नायब तहसीलदार राकेश पल्लव ने बताया कि बुधवार रात 8:30 बजे क्षेत्र में अतिवृष्टि हुई। अतिवृष्टि होता देख लोग अलर्ट हो गए कि इसी दौरान निर्माणाधीन आगरचट्टी-स्यूंणी मल्ली मोटर मार्ग का मलबा आगरचट्टी बस्ती में आ गया। यह देख कई परिवारों ने तभी घर छोड़ दिए और सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। घरों में मलबा घुसने से दिनेश कुमार, गणेश कुमार व मनीष कुमार पुत्रगण गबरूराम का संयुक्त मकान और जिपंस बलवीर रावत व मोहन रावत का संयुक्त मकान और दिनेश कुमार का मकान ध्वस्त हो गया। इसके अलावा अन्य 10 मकानों में भी मलबा घुस गया। गनीमत रही की समय रहते लोग मकानों को छोड़कर दूसरे लोगों के मकानों में चले गए थे। बृहस्पतिवार सुबह तहसीलदार सुरेंद्र सिंह देव, नायब तहसीलदार राकेश पल्लव और पटवारी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने आपदा प्रभावित तिलाराम, दौलत सिंह, गणेश कुमार, दिनेश, मनीष, बलवंत सिंह, विरेंद्र सिंह, मोहन सिंह, मोहन बिष्ट, रामचंद्र सिंह, संतोष सिंह, प्रेमबल्लभ व धर्मादेवी को तत्काल मदद के लिए 3800 रुपये का चेक दिया। उन्होंने कहा कि साथ ही नुकसान की भरपाई के लिए अग्रिम कार्यवाही कर दी गई है।

ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे नरकोटा के समीप भारी भूस्खलन से ढाई घंटे बंद रहा। इस दौरान दो तरफा वाहनों की लंबी कतार लगी रही। दूसरी ओर गैरसैंण में कर्णप्रयाग-नैनीताल हाईवे छह घंटे बंद रहा।रुद्रप्रयाग जिले में बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे बारिश के कारण नरकोटा के समीप भूस्खलन से ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे बंद हो गया। एनएच और कार्यदायी संस्था की ओर से मशीनों से मलबा हटाकर दोपहर बाद ढाई बजे हाईवे यातायात के लिए खोल दिया गया।

वहीं गैरसैंण में बारिश के दौरान पहाड़ी आने से कर्णप्रयाग-नैनीताल हाईवे रात के 8 बजे से रात दो बजे तक बंद रहा। इसके अलावा कर्णप्रयाग-रानीखेत हाईवे भी आगरचट्टी में मलबा आने से बंद हो गया था। लोगों की सूचना पर रात में ही लोनिवि के अभियंता आदित्य ठाकुर और थानाध्यक्ष गैरसैंण मनोज नैनवाल ने मौके पर जाकर मशीनों से हाईवे खुलवाया। जिले में तिलवाड़ा-मयाली-चिरबटिया-घनसाली, मयाली-गुप्तकाशी राज्य मार्ग के साथ ही 15 संपर्क मार्ग बंद पड़े हैं। मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को कई किमी पैदल चलना पड़ रहा है। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के ज्येष्ठ प्रमुख सुभाष नेगी, कनिष्ठ प्रमुख शशि सिंह नेगी ने कहा कि लोनिवि व पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को मार्गों के बारे में सूचित कर दिया गया है।

प्रदेश में बारिश आफत बनकर बरस रही है। बारिश के चलते सड़कों पर जगह-जगह मलबा आ गया है, जिससे 95 मार्ग बंद हैं। वहीं उत्तरकाशी में घाट पर नहाते हुए एक व्यक्ति नदी के तेज बहाव में बह गया। एसडीआरएफ की ओर से उसकी तलाश की जा रही है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र के मुताबिक प्रदेश में जगह-जगह 95 मार्ग बंद हैं, जिनमें एक राष्ट्रीय राजमार्ग, 18 राज्य मार्ग और सात मुख्य जिला मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के 63 मार्ग भी बंद हैं। परिचालन केंद्र के मुताबिक जिला उत्तरकाशी, देहरादून एवं ऊधमसिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश की वजह से कई गांवों में बिजली आपूर्ति भी बाधित है। 81 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसमें से 73 गांवों में आपूर्ति सुचारु कर दी गई है। अन्य गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारु किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ऋषिकेश में लक्कड़ घाट पर एक अज्ञात शव मिला है। रुद्रप्रयाग जिले में सोनप्रयाग से दो किमी आगे गौरीकुंड की ओर रास्ते में पेड़ गिरने से मार्ग बंद हो गया है। उत्तराखंड राज्य के तहसील विकासनगर क्षेत्र के छरबा गांव में अतिवृष्टि के कारण पानी आने से कुछ लोगों के घरों व अन्य स्थानों पर फंसे होने की सूचना मिली। जिस पर एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर फंसे लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

# नहाते समय भागीरथी के तेज बहाव में बहा तमिलनाडु का तीर्थयात्री, एसडीआरएफ तलाश में जुटी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गंगोत्री धाम में गुरुवार को नहाते समय एक यात्री भागीरथी के तेज बहाव की चपेट में आ गया। पुलिस व एसडीआरएफ यात्री की तलाश में जुटी हुई है। हर्षिल थानाध्यक्ष दिलमोहन सिंह ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे धाम में भागीरथी किनारे घाट पर नहाते समय अचानक पैर फिसलने से लक्ष्मी नारायण (65) निवासी तमिलनाडु भागीरथी के तेज बहाव की चपेट में आ गया। एसओ दिलमोहन ने बताया कि भागीरथी नदी इन दिनों उफान पर है। बहे यात्री की खोज की जा रही है।

बारिश से कुमोला गदेरे के उफान पर आने से सात दुकानें बह गई। भारी बाढ़ और बारिश के कारण नगर पंचायत के कई वार्डों में भारी भूस्खलन भी हुआ है। बीते बुधवार रात को बारिश के कारण कुमोला गदेरे अचानक उफान पर आ गया जिससे यहां पीएनबी का एटीएम सहित सात दुकानें बाढ़ की भेंट चढ़ गई। इनमें दो ज्वैलर्स, एक होटल, एक कंप्यूटर की दुकान, एक टेलर व एक खाली दुकान शामिल है।

अतिवृष्टि से नगर पंचायत के अन्य वार्डों में भी जगह-जगह भूस्खलन होने से भारी नुकसान हुआ है। कमल नदी व मालगाड के उफान पर होने के कारण यहां भारी मात्रा में कृषि भूमि का कटाव भी हुआ है। देवढुंग गदेरे में भी बाढ़ आने से यहां खेल मैदान के आसपास घरों व दुकानों में पानी के साथ ही मलबा घुसा है। एसडीएम शालिनी नेगी ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम ने कुमोला रोड पर हुए नुकसान का जायजा लिया है। बाढ़ से हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ के मानकों के अनुसार दुकानों के लिए कोई राहत राशि नहीं दी जा सकती है।



दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक : मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा